## PRE-BOARD EXAMINATION 2021-2022

**CLASS: X A,B,C,D** | **HINDI** | **M.M:70**

**खण्ड–क**

**नोटः सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**प्र0.1 क. निम्नलिखित कथनों में से कोई एक कथन सही है, उसे पहचान कर लिखिए।**

1. 'कंकाल' जयशंकर की प्रसिद्ध कहानी है। **1**
2. ठेले पर हिमालय धर्मवीर भारती द्वारा लिखित कहानी संग्रह है।
3. रानी केतकी की कहानी महादेवी वर्मा ने लिखी है।
4. डॉ हजारी प्रसाद द्विवेदी हिन्दी के प्रसिद्ध आलोचक है।

**ख.निम्नलिखित कृतियों में से किसी एक कृति के लेखक का नाम लिखिए।** **1**

1. अर्द्धनारीश्वर 2. चिन्तामणि 3. तितली 4. पुनर्नवा

ग. भाषा–योगवशिष्ठ के लेखक का नाम लिखिए। **1**

घ. चन्द्रकान्ता सन्तति के लेखक का नाम लिखिए। **1**

ड. शुक्ल युग में प्रकाशित हंस पत्रिका का सम्पादन किसने किया? **1**

**प्र0.2** क. रीतिकाल की दो प्रमुख प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए। **2**

ख. छायावाद युग की किन्ही दो प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए। **2**

ग.निम्नलिखित रचनाओं में से किसी **एक** रचनाकार का नाम लिखिए। **1**

1. युगधारा 2. लोकायतन 3. साकेत 4. नीहार

**प्र0 3. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **2+2+2 =6**

क. आज विज्ञान मनुष्यों के हाथों में अद्भुत और अतुल शक्ति दे रहा है, उसका उपयोग एक व्यक्ति और समूह के उत्कर्ष और दूसरे व्यक्ति और समूह के गिराने में होता ही रहेगा। इसलिए हमें उस भावना को जाग्रत रखना है और उसे जाग्रत रखने के लिए कुछ ऐसे साधनों को भी हाथ में रखना होगा, जो उस अहिंसात्मक त्याग–भावना को प्रोत्साहित करें और भोग– भावना को दबाये रखें। नैतिक अंकुश के बिना शक्ति मानव के लिए हितकर नहीं होती। वह नैतिक अंकुश यह चेतना या भावना ही दे सकती है। वही शक्ति को परिमित भी कर सकती है और उसके उपयोग को नियन्त्रित भी।

1. प्रस्तुत गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।
2. रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए।
3. विज्ञान द्वारा प्रदत शक्ति का प्रयोग किस प्रकार से हो सकता है? इस शक्ति का प्रयोग किस भावना से किया जाना चाहिए।

ख. कितना जीवन बरस पड़ा है इन दीवारों पर; जैसे फसाने अजायब का भण्डार खुल पड़ा हो। कहानी से कहानी टकराती चली गयी है। बन्दरों की कहानी, हाथियों की कहानी, हिरनों की कहानी,क्रूरता और भय की, दया और त्याग की। जहाँ बेरहमी है, वहीं दया का भी समुद्र उमड़ पड़ा है। जहाँ पाप है, वहीं क्षमा का सोता फूट पड़ा है। राजा और कँगले, विलासी और भिक्षु, नर और नारी, मनुष्य और पशु सभी कलाकारों के हाथों सिरजते चले गये हैं। हैवान की हैवानी को इंसान की इंसानियत से कैसे जीता जा सकता है, कोई अजन्ता में जाकर देखे। बुद्ध का जीवन हजार धाराओं में होकर बहता है। जन्म से लेकर निर्वाण तक उनके जीवन की प्रधान घटनाएँ कुछ ऐसे लिख दी गयी हैं कि आँखे अटक जाती हैं, हटने का नाम नहीं लेतीं।

1. प्रस्तुत गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।
2. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
3. अजन्ता की दीवारों पर किसकी कहानियाँ चित्रित है?

**प्र0 4. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए और उनका काव्य सौन्दर्य भी स्पष्ट कीजिए –** **1+4+1=6**

क. मानुष्य हौं तो वही रसखानि, बसौं ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन।
जौ पसु हौं तो कहा बस मेरौ, चरौं नित नंद की धेनु मँझारन।।
पाहन हौं तो वही गिरि को, जो धर्यौ कर छत्र पुरंदर धारन।
जो खग हौं तो बसेरो करौं, मिलि कालिंदी–कूल कदंब की डारन।।

**अथवा**

ख. इस समाधि में छिपी हुई है, एक राख की ढेरी।
जल कर जिसने स्वतन्त्रता की, दिव्य आरती फेरी।।
यह समाधि, यह लघु समाधि है, झाँसी की रानी की।
अंतिम लीला स्थली यही है, लक्ष्मी मरदानी की।।
यहीं कहीं पर बिखर गयी वह, भग्न विजय–मालान्सी।

https://www.upboardonline.com

उसके फूल यहाँ संचित हैं, है यह स्मृति– शाला सी।।

**प्र0 5. क. निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन–परिचय देते हुए उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए। 2+1=3**

(i) डॉ राजेन्द्र प्रसाद (ii) जयशंकरप्रसाद (iii) भगवत शरण उपाध्याय

**ख. निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन–परिचय देते हुए उनकी किसी रचना का नाम लिखिए। 2+1=3**

(i) सुमित्रा नन्दन पन्त (ii) महादेवी वर्मा (iii)मैथिलीशरण गुप्त

**प्र0 6.** क. ऊधौ मोहि ब्रज विसरत नाहीं। **2**

वृन्दावन गोकुल वन उपवन सधन कुंज की छाँही।

उपर्युक्त पंक्तियों में रस का नाम लिखिए।

**अथवा**

हास्य रस की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए।

ख. रोला छन्द का लक्षण एवं एक उदाहरण लिखिए। **2**

**अथवा**

निम्नलिखित में प्रयुक्त छन्द का नाम लिखिए।

जो सुमिरत सिधि होई, गननायक करिवर बदन।

करहु अनुग्रह सोइ, बुद्धिरासि सुभ–गुन–सदन।।

ग. निम्नलिखित में प्रयुक्त अंलकार का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए। **2**

चरण कमल बदौं हरि राइ।

**अथवा**

उत्प्रेक्षा अलंकार का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए।

**प्र0 7.**क. निम्नलिखित उपसर्गो में से किन्ही तीन के मेल से एक–एक शब्द बनाइए – **1+1+1=3**

(i) अधि (ii) निर् (iii) अ (iv) सु (v) अप

ख .निम्नलिखित प्रत्ययों में से किन्ही दो प्रत्ययों का प्रयोग करके एक–एक शब्द बनाइए – **1+1+=2**

(i) पन (ii) वट (iii) आई (iv) ता

ग. निम्नलिखित में से किन्ही दो के समास–विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए – **1+1+=2**

(i) राजा–रंक (ii) सप्तर्षि (iii) नवरस (iv) हानि–लाभ

घ. निम्नलिखित में से किन्ही दो तत्सम रूप लिखिए – **1+1+=2**

(i) मीत (ii) पंछी (iii) कान (iv) आँसू

ड. निम्नलिखित में से किन्ही दो शब्दों के दो –दो पर्यायवाची शब्द लिखिए – **1+1+=2**

(i) इन्द्र (ii) पत्थर (iii) बिजली (iv) तीर

## कण्ड–ख

**प्र0 8. निम्नलिखित का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए। 1+3=4**

अस्माकं संस्कृति; सदा गतिशीला वर्तते। मानव जीवनं संस्कर्तुम् एषा यथासमयं नवां नवां विचारधारां स्वीकरोति,नवां शक्ति च प्राप्नोति। अत्र दुराग्रहः नास्ति, यत्युक्तियुक्तं कल्याणकारि च तदत्र सहर्षं ग्रहीतं भवति। एतस्याः गतिशीलतायाः रहस्यं मानवजीवनस्य शाश्वतमूल्येषु निहितम् तद् यथा सत्यस्य प्रतिष्ठा, सर्वभूतेषु समभावः विचारेषु औदार्यम् आचारे दृढ़ता चेति। https://www.upboardonline.com

**अथवा**

किंस्वित् प्रवसतो मित्रं किंस्विन् मित्रं गृहे सतः।

आतुरस्य च किं मित्रं किंस्विन् मित्रं मरिष्यतः।।

सार्थः प्रवसतो मित्रं भार्या मित्रं गृहे सतः।

आतुरस्य भिषक् मित्रं दानं मित्रं मरिष्यतः।।

**प्र0 9.क.अपनी पाठ्य पुस्तक से कंठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न–पत्र मे न आया हो। 2**

**ख. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में लिखिए। 1+1=2**

1. वतात् शीघ्रतरं किम् अस्ति?
2. भारतीयः संस्कृतेः मूलं किम् अस्ति?
3. श्वेतकेतुः कस्य पुत्रः आसीत्?
4. भारतीय संस्कृतेः कः सन्देशः अस्ति?

**प्र0 10.**क. निम्नलिखित में से किन्हीं दो में सन्धि कीजिए और सन्धि का नाम लिखिए – **1+1+=2**

(i) मधु+अरिः (ii) यदि + अपि (iii) गुरू+आज्ञा (iv) प्रति +उपकार

ख. निम्नलिखित शब्दों के रूप षष्ठी विभक्ति, एकवचन में लिखिए – **1+1+=2**

(i) फल अथवा नदी (ii) मति अथवा मधु

ग. निम्नलिखित में से किसी एक के धातु, लकार, पुरूष तथा वचन का उल्लेख कीजिए – **2**

https://www.upboardonline.com

(i) पठेत (ii) पठिष्यन्ति (iii) हसतु (iv) हसथः

घ. निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए – **1+1+=2**

(i) सोम पैर से लँगड़ा है।

(ii) वृक्ष से पत्ते गिरते हैं।

(iii) सवेरे सूर्य उदय होता है।

(iv) श्रेष्ठ धन दान के लिए होता है।

**प्र0 11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए–** **6**

(i) सदाचार

(ii) पर्यावरण एवं स्वास्थ्य

(iii) हमारा राष्ट्रीय पर्व

(iv) भ्रष्टाचार –कारण एवं निवारण

(v) व्यायाम का महत्व

**प्र0 12. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए।** **3**

(i) "मातृ भूमि के लिए" खण्ड काव्य के नायक का चरित्रांकन कीजिए।

(ii) "मातृ भूमि के लिए" खण्ड काव्य केबलिदान सर्ग की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

****************************

https://www.upboardonline.com